(ख) क्या यह सच है कि "क्विज" कार्यक्रम केवल अंग्रेजी में प्रसारित किया जाता है और इस कार्यक्रम के विषय शहरी जनसंख्या की आवश्यकताएं पूरी करते हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या इस कार्यक्रम में कोई परिवर्तन करने की योजना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) : (क) जी, नहीं। लक्ष्य श्रोताओं के लिए सभी ग्रामीण कार्यक्रम श्रोताओं के रूझान आवश्यकताओं तथा सामाजिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नियोजित तथा निर्मित किए जाते हैं। यह दूरदर्शन द्वारा ग्रामीण युवकों, महिलाओं तथा बच्चों के लिए निर्मित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर भी लागू होता है।

(ख) जी, नहीं दूरदर्शन कई क्विज कार्यक्रमों को हिन्दी में टेलीकास्ट करता रहा है। इन सभी कार्यक्रमों का नियोजन करते समय समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं तथा रूचियों को ध्यान में रखा जाता।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम का मूल्यांकन

3748. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (एन० आर० ई० पी०) के कार्यक्रम का मूल्यांकन करने का विचार रखती है ;

(ख) क्या सरकार को इस आशय की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं कि लाभान्वित लोगों को पूरी धनराशि प्रदान नहीं की गई और कई मामलों में तो कुछ भी धनराशि प्रदान नहीं की गई ; और

(ग) क्या सरकार बिहार, पश्चिमी बंगाल उड़ीसा, और असम की स्थिति की महाराष्ट्र और गुजरात की स्थिति से तुलना करेगी और बताएगी कि इस सम्बन्ध में वहां क्या-क्या प्रगति हुई है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री रामानन्द यादव): (क) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रगति का मूल्यांकन समय-समय पर कार्यक्रम की मार्गदर्शिकाओं में निर्धारित मासिक/त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्टों के आधार पर किया जा रहा है। इसके अलावा, कुछ राज्यों में कार्यक्रम के कार्यान्वयन के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मूल्यांकन अध्ययन किए जाते हैं। हाल ही में देश में 12 माह की अवधि के भीतर सभी जिलों को कवर करने के लिए कार्यक्रम का समवर्ती मूल्यांकन शुरू किया गया है।

(ख) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यों पर लगे श्रमिकों को मजदूरी का कम भुगतान करने और मजदूरी का भुगतान करने में विलम्ब होने की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

(ग) विभिन्न राज्यों के तुलनात्मक निष्पादन का मूल्यांकन राज्यों से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर राष्ट्रीय औसत और इस उद्देश्य के लिए निर्धारित तिमाही लक्ष्यों के सन्दर्भ में प्रत्येक तिमाही में किया जाता है।

पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और उड़ीसा पर "दुग्ध क्रांति" का प्रभाव

3749. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "दुग्ध क्रांति" का बिहार, पश्चिमी बंगाल, असम और उड़ीसा राज्य पर क्या प्रभाव पड़ा है, क्या इन राज्यों में यह परियोजना आरम्भिक चरण में है अथवा अभी आरम्भ की जानी है ;

(ख) विदेशों से उपहार स्वरूप प्राप्त हुई दुग्ध निर्माण वस्तुओं, जैसे दुग्ध पाउडर